# कोरोना से बचाव के लिए प्रोटोकाल का पालन जरूरी

सिंधम रिपोर्टर ☐ रतलाम

कोरोना पर अभी पूरी तरह से जीत नहीं हुई है, लेकिन उससे डरने की भी जरूरत नहीं है। बस अभी सावधानी रखने की जरूरत है। देशभर में टीकाकरण बहुत तेजी से हो रहा है। 18 से कम उम्र के बच्चों का टीका अभी नहीं आया है। स्कूलों को एक बार फिर आधी क्षमता के साथ खोला गया है, इसलिए स्कूली बच्चों को कोरोना से बचने के लिए प्रोटोकाल का पालन करना जरूरी है। राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा इस वर्ष को इयर आफ अवेयरनेस इन साइंस एंड हेल्थ के रूप में घोषित है। इसके अंतर्गत किशोरिका संस्था द्वारा रतलाम के अनेक ग्रामों के स्कूली बच्चों को कोरोना प्रोटोकाल के पालन की आवश्यकता को प्रैक्टिकल करते हुए समझाया गया।

बच्चों ने स्वयं प्रैक्टिकल आधारित कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए मास्क की आवश्यकता, उसे लगाने के सही तरीके को भी समझा और प्रयोगों के माध्यम से अन्य बच्चों को भी समझाया। विभिन्न प्रयोगों के अंतर्गत मास्क की महिमा, सैनिटाइजिंग-हैंड वाशिंग और शारीरिक दूरी को लाइव प्रदर्शित किया गया। इसी प्रकार एटीएम आदि आवश्यक स्थानों पर छूने से वायरस के हाथों में लगने की संभावना को भी प्रदर्शित किया गया।

साथ ही एक सब्जी बेचने वाला यदि संक्रमित है और उसने थोड़ी देर पहले ही छींका है तो किस प्रकार वायरस उसके सामने रखी हुई सब्जियों पर रह सकता है और ऐसी स्थिति में यदि हम सब्जी लेने बिना मास्क लगाए जाते हैं और सब्जी आदि को उठाकर सूंघते हैं तो किस प्रकार से वायरस हमारी नाक के रस्ते फेंफड़ों में पहुंच कर बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है।

वर्तमान में नए वैरिएंट ओमिक्रोन की भी चर्चा है, जिसकी संक्रमण क्षमता बहुत अधिक है। उससे निपटने के लिए भी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभिन्न देशों में इसने फैलना शुरू कर दिया है, इसलिए भारत में भी सचेत रहते हुए सुरक्षा की दृष्टि से कोरोना प्रोटोकाल की तीनों बातों मास्क लगाना, बार-बार हाथ धोना और शारीरिक दूरी का ध्यान रखना है। अभी 18 साल से कम उम्र के बच्चों के टीके नहीं आए हैं और कई लोगों ने अभी दूसरा टीका भी नहीं लगवाया है, इसलिए देश में इसी वर्ष दूसरी लहर ने किस प्रकार से कहर मचाया था, उसे नहीं भूलना है। बच्चों ने आश्वस्त किया कि वो खुद भी बचेंगे और अपने परिवार व समाज को भी बचाने में मदद करेंगे। सिंधम • २०

सिंधम २०/१२/२१

# अभाविप ने घेरा कालेज, निगम में दिया धरना

## कामर्स कालेज परिसर में अतिक्रमण हटाने, बाउंड्रीवाल बनाने की मांग



वाणिज्य महाविद्यालय परिसर में धरना देते हुए अभाविप कार्यकर्ता। ●नईदुनिया

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को कामर्स कालेज में बाउंड्रीवाल निर्माण व अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। कालेज में घेराव के बाद निगमायुक्त के नहीं आने पर अभाविप कार्यकर्ता नगर निगम पहुंचे और धरना देकर नारेबाजी। आयुक्त के कलेक्टर के साथ होने के चलते उपायुक्त विकास सोलंकी ने मौके पर पहुंचकर ज्ञापन लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अभाविप जिला संयोजक कृष्णा डिंडोर, अनुज पोरवाल आदि ने कालेज प्राचार्य व निगमायुक्त के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि कालेज की बाउंड्रीवाल बनाने तथा महाविद्यालय का मैदान अतिक्रमण मुक्त किए जाने की मांग पर निराकरण नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त भी कई समस्याएं हैं। कालेज में बाहरी तत्व आकर नशा करने के बाद बोतल फेंक जाते हैं। सफाई का भी कोई निश्चित समय नहीं है। गार्डन से लेकर क्लासरूम तक सभी अस्त व्यस्त है। कालेज में पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। इससे छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सभी समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**शाम को जेसीबी से हटाए निर्माण**

ज्ञापन के बाद शाम करीब पांच बजे निगम अमले ने जेसीबी की सहायता से कालेज मैदान के पास लगी गुमटियां व अन्य निर्माण हटा दिए।

नई

नईदुनिया 21/12/21

## खुले में गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 20 दिसम्बर को 14 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले मे गंदगी करने पर प्रहलाद, रामप्रसाद, मोहसीन सैलाना रोड, मयंक, सावन, अशोक महू रोड पर 100-100, देवीलाल, कन्हैयालाल, सोहन, शकील, सोनू सैलाना रोड, नितिन, कालूराम व कपील महू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 52 व्यक्तियों पर 100-100 रूपए का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

## सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए बनेंगे हॉकर्स झोन

रतलाम। नगर को स्वच्छ-सुन्दर बनाने व यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु ऐसे सब्जी व फल विक्रेता जो की सड़क किनारे, फुटपाथ पर बैठकर व्यवसाय करते है, उन्हे व्यवसाय करने हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराए जाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमन्त चौहान ने स्थल चयन हेतु बैठक ली।

आयोजित बैठक में पटरी पार क्षेत्र के सब्जी व फल विक्रेताओ हेतु साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, राम मंदिर ब्रीज के नीचे व विनोबा नगर मुक्तिधाम के पीछे स्थल उपलब्ध कराए जाने हेतु चर्चा की गई। चर्चा में तय किया गया कि उक्त स्थलों को डवलप कराया जाए व सब्जी तथा फल विक्रेताओ का पंजीयन कर उन्हे स्थल उपलब्ध कराया जाए। अलग-अलग स्थानों पर फल व सब्जी मिलने पर नागरिकों को सुविधा होने के साथ ही विक्रेताओं को भी आर्थिक लाभ होगा तथा यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा।

बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के. जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 21/12/21

## बिना मास्क के घूमने वाले 52 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने पर प्रहलाद, रामप्रसाद, मोहसिन सैलाना रोड, मयंक, सावन, अशोक महू रोड से 100-100, देवीलाल, कन्हैयालाल, सोहन, शकील, सोनू सैलाना रोड, नितिन, कालूराम व कपिल महू रोड से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके अलावा शहर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क घूमने वाले 52 व्यक्तियों से 100-100 रुपये जुर्माना वसूलकर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाइश दी गई।

## सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए बनेंगे हाकर्स झोन

रतलाम। सड़क किनारे, फुटपाथ पर बैठकर सब्जी, फल बेचने वालों के लिए शहर में अलग-अलग स्थानों पर व्यापार करने की व्यवस्था की जाएगी। सोमवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत व सीएसपी हेमंत चौहान ने स्थल चयन के लिए बैठक ली। आयोजित बैठक में पटरी पार क्षेत्र के सब्जी व फल विक्रेताओं के लिए साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, राम मंदिर ब्रिज के नीचे व विनोबा नगर मुक्तिधाम के पीछे स्थल उपलब्ध कराने की चर्चा की गई। इन स्थानों पर जरूरी सुविधाएं देकर सब्जी तथा फल विक्रेताओं का पंजीयन कर स्थल उपलब्ध कराया जाएगा। अलग-अलग स्थानों पर फल व सब्जी मिलने पर नागरिकों को सुविधा होने के साथ ही विक्रेताओं को भी आर्थिक लाभ होगा तथा यातायात व्यवस्था में भी सुधार होगा। बैठक में कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित रहे।

[illegible] 21/12/21

## 87 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई में कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को 87 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 34305, ट्रैक्टर-ट्राली से 14975, काम्पेक्टर सूखा कचरा 19595, काम्पेक्टर गीला कचरा 18725 कुल 87600 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

कलेक्टर बोले स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य अमले की मेहनत से पहुंचे करीब

# बेहतर वैक्सीनेशन की बदौलत जिला शत-प्रतिशत के नजदीक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में स्वास्थ्य विभाग के अमले ने पिछले 6 माह से बहुत मेहनत करके जिले को वैक्सीनेशन लक्ष्य के अत्यंत नजदीक ला दिया है। शीघ्र ही हम शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले हैं। प्रतिदिन की माइक्रो प्लानिंग कर जिले में शेष रहें व्यक्तियों को वैक्सीनेट करें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए।

मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की समीक्षा भी की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि आगामी 25 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत करा दिए जाएं ताकि वे वाहन क्रय कर सकें। योजना में जिले के 20 सेक्टर्स में शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वाहन क्रय कराने के लिए ऋण सुविधा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि योजना के अंतर्गत आदिवासी हितग्राही अपने वाहन से राशन का ट्रांसपोर्टेशन कर सके जिसका भाड़ा लाभ उन्हें मिलेगा। जिला आपूर्ति अधिकारी को मॉनिटरिंग के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा लाडली लक्ष्मी योजना, पीएम स्व निधि, भिक्षावृत्ति सर्वे की भी समीक्षा की। महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य के लिए विशेष मेहनत करें। सतत मॉनिटरिंग द्वारा बच्चों को कुपोषण से उबारा जाए। पत्रिका

पत्रिका 21/12/21

## जिला वैक्सीनेशन में शत-प्रतिशत के नजदीक

**रतलाम।** जिले में खास तौर पर स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पिछले छह माह से बहुत मेहनत करके जिले को वैक्सीनेशन लक्ष्य के अत्यंत नजदीक ला दिया है। शीघ्र ही हम शत-प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त करने वाले है। प्रतिदिन की माइक्रो प्लानिंग कर जिले में शेष रहे व्यक्तियों को वैक्सीनेट करें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में अपर कलेक्टर एमएल आर्य, एसडीएम अभिषेक गहलोत, सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना की समीक्षा भी की गई। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि 25 दिसंबर तक शत-प्रतिशत हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत करा दिए जाएं ताकि वे वाहन क्रय कर सकें। योजना में जिले के 20 सेक्टर्स में शासन द्वारा आदिवासी हितग्राहियों को वाहन क्रय कराने के लिए ऋण सुविधा बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही है। महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के सैलाना, बाजना क्षेत्रों में कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य के लिए विशेष मेहनत करें। नदु.

नईदुनिया 21/12/21

गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकलें, कल के बाद मिल सकती है कुछ राहत

# न्यूनतम तापमान छह डिग्री, आज भी जारी रहेगी शीतलहर

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शीतलहर के चलते न्यूनतम तापमान में सोमवार को भी गिरावट जारी रही। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी सीवियर कोल्ड वेव का आरेंज अलर्ट जारी किया है। पाला पड़ने की भी चेतावनी जारी की गई है। जिले में सोमवार को न्यूनतम तापमान 06 व अधिकतम 23 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम में 0.4 डिग्री की गिरावट व अधिकतम में इतनी ही वृद्धि हुई है। सुबह की आर्द्रता 79 प्रतिशत व शाम की 70 प्रतिशत रही, जो रविवार को क्रमशः 78 व 63 प्रतिशत थी।

रविवार की तरह सोमवार को भी दिन भर ठंडी हवाएं चलती रही। ठंड बढ़ने से लोग दिन में भी ऊनी व गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकले। कई जगह दिन में भी अलाव जलते रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए किसान जतन कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार दो दिन तक तीव्र शीतलहर चल सकती है। 22 दिसंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने की संभावना है, जिसके प्रभाव से हवाओं का रुख बदलेगा और तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। वहीं 25 के बाद चंबल समेत अन्य जिलों में कहीं कहीं बारिश हो सकती है। हवाओं के साथ नमी आने से रात के तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने से ठंड से कुछ राहत मिलने लगेगी। कृषि विभाग अमले ने नर्सरी में पौधों को रात में प्लास्टिक की चादर से ढंकने की सलाह दी है। ऐसा करने से प्लास्टिक के अंदर का तापमान 2 से 3 डिग्री बढ़ जाता है, जिससे सतह का तापमान जमाव बिंदु तक नहीं पहुंच पाता। पौधों को ढकते समय इस बात का ध्यान जरूर रखें कि पौधों का दक्षिण पूर्वी भाग खुला रहे ताकि पौधों को सुबह व दोपहर को धूप मिलती रहे। जिस दिन पाला पड़ने की संभावना हो उस दिन फसलों पर गंधक के तेजाब के 0.1 प्रतिशत घोल का छिड़काव करना चाहिए। दीर्घकालिक उपायों में फसलों को बचाने के लिए खेत की उत्तरी पश्चिमी मेढ़ों पर तथा बीच-बीच में उचित स्थानों पर वायु अवरोधक पेड़ लगा लिए जाएं तो पाले और ठंडी हवा के झोंके से फसल का बचाव हो सकता है।

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 20 दिसंबर | 23.0 | 06.0 |
| 19 दिसंबर | 22.6 | 06.4 |
| 18 दिसंबर | 21.2 | 09.5 |
| 17 दिसंबर | 21.6 | 12.0 |
| 16 दिसंबर | 27.2 | 13.6 |
| 15 दिसंबर | 25.2 | 14.0 |
| 14 दिसंबर | 26.2 | 13.6 |
| 13 दिसंबर | 27.2 | 12.2 |
| 12 दिसंबर | 26.0 | 11.0 |


सर्द मौसम में आवाजाही करती हुई युवतियां। • नईदुनिया


शीतलहर से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते हुए नागरिक। • नईदुनिया


सर्द मौसम में कालिका माता उद्यान में खेलकूद करते हुए बच्चे। • नईदुनिया

नईदुनीया 21/12/21

पीएचई की जानकारी पर भरोसा नहीं

# नल जल कनेक्शन की वास्तविक रिपोर्ट प्रस्तुत करें

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. जिले में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में योजना के तहत आंगनबाड़ियों तथा स्कूलों में नल कनेक्शन की जानकारी कलेक्टर ने प्राप्त की। इसमें कलेक्टर द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब पीएचई के कार्यपालन यंत्री सहायक यंत्रियों द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दे सके। यही स्थिति थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन करने वाले प्रतिनिधि की रही।

कलेक्टर ने इस बात से नाराज होकर महिला बाल विकास तथा जिला शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि वे अपने मैदानी अमले से जल जीवन मिशन के तहत आंगनवाड़ी में तथा स्कूलों में दिए गए नल कनेक्शन तथा उनसे पेयजल आपूर्ति की वास्तविक जानकारी प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि उन्हें पीएचई की जानकारी पर भरोसा नहीं है। शिक्षा तथा महिला बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर जल जीवन मिशन के वास्तविक क्रियान्वयन की स्थिति जानी जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि यदि काम नहीं किया गया तो आर्थिक अनियमितताओं के प्रकरण के साथ-साथ अन्य अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

तीन दिन में मांगी रिपोर्ट


कलेक्टर ने आगामी तीन दिवस में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद पुनः बैठक आयोजित की जाएगी। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 57 योजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। 127 योजनाएं प्रगतिरत हैं। 111 में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। योजना के तहत जिले के 1567

पत्रिका 21/12/21

# सर्दी का सितम : मौसम की सबसे सर्द रात, फसलों पर जमी बर्फ की परत

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

लगातार सर्द हवाओं का असर दिखाई दे रहा है। शनिवार की रात के बाद रविवार की रात की मौसम की सबसे सर्द रात रही है। जिले में कड़के की ठंड से रात का तापमान 9 डिग्री से 6 डिग्री तक पहुंच गया। तापमान गिरने की वजह से मटर, आलू और चना की फसल पर पाले का असर भी देखने को मिला है। सुबह के वक्त फसलों की पत्तियों पर बर्फ की बर्फ की परत जमने से मटर और आलू जैसी फसलें जलने लगी है। शीतलहर के चलते शहर में भी निगम प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है। ठंड से राहत पाने के लिए लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ जगह फसलों पर बर्फ की परत भी जम गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी दो दिनों तक प्रदेश के साथ रतलाम में भी शीतलहर का दौर जारी रहेगा। शीतलहर का दौर जारी है। सर्द हवाओं के असर से पिछले 3 दिनों में रतलाम में न्यूनतम तापमान लगभग आधा रह गया। शुक्रवार को रात का तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं रविवार को रात का तापमान 6 डिग्री तक दर्ज किया गया है । ठंड का असर बढ़ते ही लोग गर्म कपड़ों में और अलाव जलाते नजर आ रहे हैं। शीतलहर के चलते रतलाम नगर निगम प्रशासन ने भी लोगों के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था की है। शहर के प्रमुख चौराहों और रैन बसेरों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई।



## मटर और आलू की फसल पर पाले का असर

प्रदेश के साथ रतलाम में भी जारी शीतलहर से बीते दो दिनों में फसलों पर ओस की बूंदे जम रही है। बर्फ की परत जमने और सर्द हवाओं के कारण किसानों की मटर, आलू और चने की फसल प्रभावित हुई है। जिले के जावरा, आलोट और बाजना ब्लॉक में फसलों में नुकसान की खबर मिली है।

## 2 दिनों तक रहेगी कड़ाके की ठंड

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी 2 दिनों तक प्रदेश के साथ उज्जैन संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ने के आसार है। वहीं ,कुछ जिलों में पाला पड़ने की भी संभावना बनी हुई है। 2 दिनों के बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की संभावना है।

प्रसारण

प्रसारण 21/12/21

## चेतावनी : 2 दिन में मांगें नहीं हुई पूरी तो सफाई होगी ठप्प

# सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन कर जताया विरोध



प्रसारण न्यूज • रतलाम

लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने पर सोमवार को एक बार फिर सफाईकर्मी लामबंद हुए। संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के बैनर तले नगर निगम परिसर में प्रदर्शन में शामिल कर्मचारियों ने मांगों को पूरा करने के लिए 2 दिन का अंतिम अल्टीमेटम देते हुए बताया कि मागे नहीं मानी गई, तो वह 23 दिसंबर से शहर की सफाई व्यवस्था बंद कर हड़ताल पर चले जाएगे।

सोमवार को नगर निगम परिसर में बड़ी संख्या में समिति की बैनर तले एकजुट हुए सफाईकर्मियों ने नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नाराजगी जाहिर की। समिति अध्यक्ष राम कल्याणे और विजय खरे ने बताया कि 5 माह से सफाईकर्मियों के नियमितिकरण एवं विनियमितिकरण सहित सी पी एफ काटने की मांग की जा रही है। इन मांगों पर 28 अगस्त 2021 को कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम से चर्चा कर निर्णय भी पारित हो चुका है। इसके बाद 30 अक्टूबर 2021 को इन्हीं मांगों को लेकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से भी चर्चा की जा चुकी है। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद मिले आश्वासन पश्चात अभी तक समिति की मांगों को नजरअंदाज कर कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

प्रदर्शन को समिति के अमरसिंह चौहान, कमल शिंदे आदि ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन पश्चात निगम आयुक्त झारिया को ज्ञापन सौंपते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के नाम कार्यालय पर प्रति सौंपी गई।

## जिला स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक आज

रतलाम। जिला स्तरीय बैंक समन्वय समिति की बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 22 दिसम्बर को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। प्रसारण

प्रसारण २१/१२/२१

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

सिंघम 20/12/21

# मौसम की सबसे सर्द रात, फसलों पर जमी बर्फ की परत

रतलाम। लगातार सर्द हवाओं का असर दिखाई दे रहा है। शनिवार की रात के बाद रविवार की रात की मौसम की सबसे सर्द रात रही है। जिले में कड़ाके की ठंड से रात का तापमान 9 डिग्री से 6 डिग्री तक पहुंच गया। तापमान गिरने की वजह से मटर, आलू और चना की फसल पर पाले का असर भी देखने को मिला है। सुबह के वक्त फसलों की पत्तियों पर बर्फ की बर्फ की परत जमने से मटर और आलू जैसी फसलें जलने लगी है। शीतलहर के चलते शहर में भी निगम प्रशासन ने जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की है।

अवन्तिका 21/12/21

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये

रतलाम। सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, गौशाला रोड पेयजल टंकी, ऋतुराज सम्पवेल सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

प्रसारण 21/12/21

## खुले में गंदगी करने पर 5 एवं मास्क नहीं लगाने पर 52 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डलकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 18 दिसम्बर को 5 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर केशव, विनोद, रियाज कृषि उपज मण्डी पर 100, किशन, रमेश महू रोड पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। इसके अलावा नगर विभिन्न क्षेत्रों में बिना मास्क वाले 52 व्यक्तियों पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाने की समझाईश दी गई।

सिंघम - २०/१२/२१

## वसूली के लिए निगम के शिविर

रतलाम, नप्र। कर वसूली के लिए नगर निगम के शिविर लगने लगे है। ये शिविर 3 मार्च तक हर वार्ड मे लगेंगे, ताकि नागरिक अपने ही वार्ड मे निगम से संबंधित करो को जमा कर सकेंगे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि शिविर मे संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भूभाटक की बकाया राशि जमा की जा सकेगी।

प्रभातकिरण २०/१२/२१

## कस्तूरबा नगर में अतिक्रमण को लेकर नोटिस

रतलाम। कस्तूरबा नगर गली नंबर सात में सड़क पर अतिक्रमण को लेकर नगर निगम से करीब 70 भवन स्वामियों को नोटिस जारी किए गए हैं। यहां सड़क की चौड़ाई 40 से 60 फीट तक है, लेकिन भवन स्वामियों द्वारा घर के बाहर बड़े हिस्से में जालियां लगा दी गई तो कुछ जगह ओटले व पक्का निर्माण भी किया गया। निगम लोक निर्माण विभाग से नोटिस जारी होने के बाद कुछ लोगों ने निर्माण भी हटा लिए।

नईदुनिया/२१/१२/२१

# हर साल 50 हजार नए वाहन, पर ट्रैफिक सुधार नहीं

## मुहिम ● सड़कों पर सुगम हो यातायात, सड़कों के लिए मास्टर प्लान में तय चौड़ाई पर नहीं दिया ध्यान

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर सहित जिले में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तुलना में सड़कों को लेकर अधूरी प्लानिंग है। शहर में प्रवेश करने वाले मार्गों को फोरलेन में बदला गया, लेकिन ये चौड़ाई वाहनों के लिए कम दुकानदारों का सामान रखने, पार्किंग के लिए काम आ रही है। किसी भी शहर की तासीर समझने के लिए वहां की सड़कों को आईना माना जाता है। रियासत काल में शहर की स्थापना के समय बढ़ती आबादी को ध्यान में रख सड़कों, चौराहों का विकास किया गया। विरासत में मिली तब की चौड़ी सड़कें अब गलियों में बदल गई हैं।

मास्टर प्लान में शहर के 20 प्रमुख मार्गों की वर्तमान व प्रस्तावित चौड़ाई का उल्लेख कर प्रविधान तय किए गए हैं। बताई गई वर्तमान चौड़ाई भी पर्याप्त है, लेकिन वास्तविक तौर पर इन मार्गों पर दो पहिया वाहन चलाना भी आसान नहीं है। पुराने मार्गों के साथ अब नए फोरलेन मार्गों पर भी ट्रैफिक जाम के हालात बनने लगे हैं। जिले में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछले तीन सालों में ही दो व चार पहिया श्रेणी में कुल 168548 नए वाहन सड़कों पर आए। इसमें 155338 दो पहिया व 13210 चार पहिया वाहन हैं। करीब 40 प्रतिशत नए वाहन अकेले रतलाम शहर में ही चल रहे हैं।

**चौड़ाई 60 फीट, दिन में 20 फीट की जगह भी नहीं:** शहर में सुबह बाजार खुलने से पहले सड़कों की वास्तविक चौड़ाई देखकर नहीं लगता कि यहां ट्रैफिक में कोई बाधा आती हो, लेकिन दोपहर में इन्हीं सड़कों पर वाहन लेकर गुजरना चुनौती से कम नहीं होता। मास्टर प्लान में दर्शाई गई वर्तमान चौड़ाई पर भी ध्यान दें तो यह कहीं 45 तो कहीं 55 फीट तक है। अगर इसी चौड़ाई को कायम रख लिया जाए तो भी ट्रैफिक की राह आसान हो सकती है।



शहर में प्रमुख मार्गों, बाजारों में ट्रैफिक जाम होना आम बात हो गई है। गणेश देवरी पर जाम में फंसे वाहन चालक। ● नईदुनिया

### जिले में तीन साल में नए वाहनों की संख्या






गणना: ( 1 अप्रैल से 31 मार्च तक) आंकड़े परिवहन विभाग अनुसार।



### इसलिए बढ़ रही परेशानी

**पार्किंग स्थल :** बढ़ती आबादी व वाहनों की संख्या को लेकर शहर में एक भी पार्किंग स्थल विकसित नहीं किया गया। बाजार में आने वाले वाहन चालकों के लिए सड़कों पर वाहन खड़े रखना मजबूरी है। व्यावसायिक भवन बने लेकिन पार्किंग की जगह में दुकानें तन गईं। नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस इस समस्या को लेकर ठोस कार्रवाई से बच रही है।

**वन-वे :** शहर में प्रमुख मार्गों पर वन वे की जरूरत महसूस की जा रही है। त्योहारी समय में भीड़ को देखते हुए वन वे किया जाता है, लेकिन स्थाई व्यवस्था न होने से जाम के हालात बनते हैं। सड़क सुरक्षा समिति के निर्णयों का पालन भी दस्तावेजों में ही हो रहा है।

**अतिक्रमण :** दुकानों के बाहर ओटले और ओटलों के आगे सामान रखे जाने के बाद सड़क का कुछ हिस्सा ही वाहन चलाने के लिए शेष रह जाता है। नगर निगम व प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण हटाने के लिए मुहिम चलाई पर स्थायी निर्माण तोड़ने में सभी पीछे हट गए।

**ड्रेनेज :** शहर में रियासत काल में बनी सड़कें और ड्रेनेज सिस्टम बेहद उन्नत और तकनीक से बना हुआ था। ड्रेनेज की मुख्य लाइन और सब लाइन की गहराई भी पर्याप्त रखी गई। इसके बाद रखरखाव में लापरवाही और अतिक्रमण के चलते नाले धंसते चले गए। नई सड़कें बनी तो ड्रेनेज का ध्यान नहीं रखा गया, लिहाजा बारिश का पानी अब शहर के लिए समस्या बनता जा रहा है।

"शहर में दुकानों के बाहर सामान रखकर आवागमन बाधित करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर भी भवन स्वामियों को नोटिस दिए गए हैं। **-सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

### चालानी कार्रवाई जारी

यातायात सुधार के प्रयास जारी है। नगर निगम ने जहां रोड मार्किंग की है, वहां सफेद पट्टी के बाहर व नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जा रही है। **-गौरव तिवारी, एसपी**

### यहां हुई अनदेखी

**नगर निगम स्तर पर :** निर्माण अनुमति में मास्टर प्लान के प्रविधानों का ध्यान नहीं रखा गया। अनुमति दी भी गई तो तय मानकों का पालन करने में किसी ने रूचि नहीं दिखाई। हाकर्स जोन के नाम पर अतिक्रमण बढ़ता गया। मुख्य मार्गों पर बने व्यवसायिक भवनों में पार्किंग के प्रावधान नहीं किए गए। यह लापरवाही अब ट्रैफिक व्यवस्था में नासूर बन गई है।

**टाउन एंड कंट्री प्लानिंग :** विभाग की ओर से भी मास्टर प्लान के नियमों का उल्लंघन होने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कालोनी व बड़े व्यवसायिक भवन के नक्शे प्रविधान अनुसार स्वीकृत किए पर इनका पालन नहीं होने पर कार्रवाई को लेकर विभागीय अमला सुस्त रहा। पुराने शहर के साथ नई कालोनियों व मार्गों पर भी यही समस्या सामने आ रही है।

नईदुनिया/२१/१२/२१

# त्रिवेणी मेले के सुनियोजित ढंग से आयोजन हेतु कलेक्टर ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



आगामी दिनों आयोजित होने वाले त्रिवेणी मेला सुनियोजित ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को दोपहर में मेला ग्राउंड पहुंचकर निरीक्षण किया। नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख, सुरेश व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। साथ ही यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। बताया गया कि त्रिवेणी मेला में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा।

कलेक्टर ने उबड़-खाबड़ स्थलों के समतलीकरण के निर्देश दिए। सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, विद्युत व्यवस्था इत्यादि हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने एवं निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए। अवन्तिका

अवन्तिका / 21/12/21

# त्रिवेणी मेले के लिए सजने लगे झूले-चकरी

## ग्यारह दिवसीय महारुद्र यज्ञ, संत-महात्माओं के प्रवचन सहित होंगे धार्मिक आयोजन



त्रिवेणी मेले परिसर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ● नईदुनिया



त्रिवेणी मेला परिसर में झूले-चकरी सजना प्रारंभ हो गए है। ● नईदुनिया

रतलाम। ग्यारह दिवसीय त्रिवेणी मेले की धूमधाम 24 दिसंबर से प्रारंभ होकर तीन जनवरी तक चलेगी। मेले को लेकर तैयारियां तेज हो गई है। मेले में दुकान लगाने वाले अन्य स्थानों के व्यापारियों का आगमन शुरू हो गया है, वहीं झूले-चकरी भी सजना प्रारंभ हो गए हैं। मेले के साथ सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति के तत्वावधान में ग्यारह दिवसीय महारुद्र यज्ञ का आयोजन भी होगा। इसके तहत मेला परिसर में प्रतिदिन अनेक धार्मिक आयोजन के साथ संत-महात्माओं के प्रवचन होंगे।

कोरोना काल में लाकडाउन के चलते गत वर्ष त्रिवेणी मेले का आयोजन नहीं किया गया था। इस बार प्रशासन द्वारा मेले के आयोजन की अनुमति दे दी गई है। नगर निगम द्वारा मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेला परिसर में छोटे और बड़े झूले, चकरी आना शुरू हो गए हैं। व्यापारियों को लंबे समय बाद लग रहे मेले से अच्छे कारोबार की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि त्रिवेणी मेले में विशेष रूप से मिट्टी के बर्तनों की दुकानें लगती हैं। इसका शहरी और ग्रामीणों को बेसब्री से इंतजार रहता है। मेले में मनिहारी, खिलौने, खानपान सहित अनेक दुकानें लगती हैं।

**कलेक्टर ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार दोपहर में त्रिवेणी मेला ग्राउंड पहुंचकर निरीक्षण किया। नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेला ग्राउंड के साथ यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। त्रिवेणी मेले में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ने उबड़-खाबड़ स्थलों के समतलीकरण के निर्देश दिए। सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, विद्युत व्यवस्था आदि हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने व निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए। इस दौरान निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख, सुरेशचंद्र व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित थे।

**एक जनवरी को निकलेगी रथयात्रा**

श्री सनातन धर्मसभा व महारुद्र यज्ञ समिति के तत्वावधान में त्रिवेणी तट पर 68वां महारुद्र यज्ञ का आयोजन 24 दिसंबर से तीन जनवरी तक होगा। इसके अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे। 23 दिसंबर को सुबह नौ बजे अगर जी का मंदिर में चौमुखा महादेव का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात प्रातः 11 बजे हेमाद्री स्नान त्रिवेणी तट पर किया जाएगा। 24 दिसंबर को प्रातः 11:30 बजे ध्वजारोहण पश्चात अग्नि प्रवेश कर यज्ञ का शुभारंभ संतों के सान्निध्य में किया जाएगा। एक जनवरी को दोपहर तीन बजे त्रिवेणी तट से रथ यात्रा निकाली जाएगी। दो जनवरी अमावस्या पर माता व बहनों के लिए गंगाजल कलश यात्रा का विशेष आयोजन दोपहर दो बजे किया जाएगा। गंगाजल के पश्चात आगामी 69वें महारुद्र यज्ञ के यजमान हेतु ड्रा निकाला जाएगा। तीन जनवरी को दोपहर तीन बजे 68वें महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी। प्रतिदिन संध्या आरती पांच बजे की जाएगी। तत्पश्चात विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। विशेष प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे डोंग
जी महाराज द्वारा स्थापित अन्नक्षेत्र प
निराश्रितों को भोजन कराया जाएगा
सचिव नवनीत सोनी ने बताया कि
आचार्य दुर्गाशंकर ओझा, पंडित रामचं
शर्मा, लालचंद, प्रेम उपाध्याय, रमे
व्यास, बृजेंद्र मेहता, अनिल झालानी
बजरंग पुरोहित, मनोज शर्मा, नरेंद्र जोश
गुल्लू, बंसीलाल शर्मा, सत्यदीप भ
अशोक देवड़ा, राजा राठौड़, सूरजम
टांक, बद्रीलाल पाटीदार, कपूर सोनी
सत्यनारायण पालीवाल, बालूला
त्रिपाठी, चेतन शर्मा, महिला मंड
अध्यक्ष हंसा व्यास, ताराबेन सोनी, रा
व्यास, सावित्रीदेवी सोनी, निर्मला सोनी
आशारानी उपाध्याय, प्रेमलता देवड़
माया सोनी, जया सोनी, वंदना पोरवा
आदि महारुद्र यज्ञ की तैयारियों में जुटे हैं

आदि

नईदुनिया 21/12/21

# शहर सहित अंचल में शीतलहर का प्रभाव

## दिनभर छूटी कंपकपी

### खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ जमना शुरू

सिंघम रिपोर्टर रतलाम

शहर सहित अंचल में शीतलहर का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इससे जिलेवासियों को दिनभर कंपकंपी छूट रही है। रविवार को भी मौसम सर्द बना रहा। हालांकि दिन में सूरज की तेजी रही, लेकिन सर्द बयारों से ठिठुरन महसूस हुई। लगातार मौसम सर्द रहने से अब खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ जमना शुरू हो गई है। इससे किसानों को नुकसानी की चिंता सताने लगी है। उधर, मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

लगातार शीतलहर के चलते रात का तापमान में सात डिग्री सेल्सियस के अंदर आ गया है। सुबह देर तक घना कोहरा छाने के बाद दिन में भी धुंध छा रही है। बर्फीली हवाएं सभी को परेशान कर रही है। सर्दी का सितम बढ़ते ही मौसमी बीमारियों से पीड़ित होने वालों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। सर्वाधिक परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है।

### शहर में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था की



रतलाम। शीत लहर के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था की गई जिले के अन्य नगरीय निकायों में भी इसी प्रकार अलाव जलाए गए हैं।

सिंघम: २०

बड़ी संख्या में सर्दी, जुकाम, खांसी के रोगी सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते को नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाना शुरू कर दिया है। कई स्थानों पर नागरिक भी अपने स्तर पर अलाव जला रहे हैं।

मौसम में ठंडक बढ़ते ही शहर सहित अंचल में जगह-जगह अलाव जलाए जा रहे हैं। बच्चे और बड़े गर्म वस्त्रों के साथ अलाव का सहारा ले रहे हैं। बाजार में जगह-जगह सजी मसालायुक्त जायकेदार गराड़ू, रसभरी जलेबी, इमरती, गजक, भजिये सहित अन्य मौसमी व्यंजनों की दुकानों पर शौकीनों की भीड़ लग रही है।

शनिवार के मुकाबले रविवार को अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई, वहीं न्यूनतम तापमान में 3.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 78 प्रतिशत व शाम की 63 प्रतिशत रही, जो शनिवार को क्रमशः 89 व 82 प्रतिशत थी।

सिंघम - २०/१२/२१

# धोलावाड़ में बोटिंग का आनंद



**रतलाम, नप्र।** सर्दियों का मजा लेने के लिए रतलामी पर्यटक धोलावाड़ की वादियों में इको टूरिज्म पार्क पहुंच रहे हैं। यहां आने वाले पर्यटकों के लिए बोटिंग के साथ ही अन्य गतिविधियों का इंतजाम किया गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पहली बार धोलावाड़ में वैली क्रासिंग की भी व्यवस्था की गई है। जिसका पर्यटकों की ओर से लुत्फ उठाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य गतिविधिया भी की जा रही हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि धोलावाड़ इको टूरिज्म पार्क में वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध है। साथ ही एक वाटर स्कूटर भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा जोरबिंग बाल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल तथा साइकलिंग की गतिविधि भी संचालित की जा रही है। आने वाले दिनों में धोलावाड़ की पर्यटन गतिविधियों में और इजाफा होगा।

**जनगणना समन्वय समिति-** रतलाम जिले में जनगणना 2021 के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य रहेंगे। जनगणना समन्वय समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे।

प्रभात किरण / २०/१२/२१

# धोलावाड़ में लुत्फ उठा रहे हैं पर्यटक

सिंघम रिपोर्टर ❐ रतलाम



समीप इको टूरिज्म पार्क धोलावाड़ की वादियों में इन सर्दियों लुत्फ उठाने रतलामी पर्यटक पहुंच रहे हैं। धोलावाड़ में बोटिंग के साथ ही अन्य गतिविधियों की व्यवस्था भी की गई है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पहली बार धोलावाड़ में वैली क्रासिंग की व्यवस्था की गई है जिसका पर्यटकों द्वारा लुत्फ उठाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य गतिविधियां भी की जा रही हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि धोलावाड़ इको टूरिज्म पार्क में वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध है। साथ ही एक वाटर स्कूटर भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा जोरबिंग बाल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल तथा साइकलिंग की गतिविधि भी संचालित की जा रही है। आने वाले दिनों में धोलावाड़ की पर्यटन गतिविधियों में और इजाफा होगा।

## प्रेक्षक शर्मा रतलाम आए

रतलाम। त्रिस्तरीय पंचायत राज निर्वाचन 2021 के तहत रतलाम जिले के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक सेवानिवृत आईएएस श्री अजय कुमार शर्मा रतलाम आ गए है और वे इप्का गेस्ट हाउस के कक्ष क्रमांक 201 में निवासरत हैं। प्रेक्षक श्री शर्मा का मोबाइल नंबर 94251 68667 है। कोई भी व्यक्ति निर्वाचन के संबंध में प्रेक्षक से संपर्क कर सकता है।

सिंघम - २०

सिंघम - २०/१२/२१

अतिक्रमण को लेकर निगम आयुक्त से की चर्चा तो नहीं आए मौके पर

# पहले कॉमर्स कॉलेज और फिर निगम पहुंचकर किया अभाविप ने विरोध, शाम को चली जेसीबी

पत्रिका बिग इश्यू

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com



**रतलाम.** स्वामी विवेकानंद वाणिज्य महाविद्यालय की समस्याओं को लेकर अभा विद्यार्थी परिषद ने सोमवार सुबह हंगामा कर कालेज का घेराव कर दिया। निगम आयुक्त ने मौके पर आने से मना किया तो कॉलेज में प्रदर्शन कर रहे सारे छात्र नेता पैदल मार्च करते हुए निगम परिसर पहुंच गए। निगम का घेराव करके परिसर में ही धरना दे दिया। उपायुक्त विकास सोलंकी ने उनकी बात सुनी और आश्वासन दिया। तब जाकर इनका आंदोलन खत्म हुआ।

अभाविप जिला संयोजक कृष्णा डिंडोर ने बताया कामर्स कॉलेज में समय पर प्राध्यापक नहीं आते हैं। और न ही पूरे परिसर की नियमित सफाई कराई जाती है। कॉलेज के कमरों के अलावा पूरा परिसर कबाड़ और उजाड़ हो चुका है। इसके अलावा कॉलेज की बाउंड्रीवाल नहीं है। कॉलेज के आगे के हिस्से में गुमटीधारियों ने अतिक्रमण कर लिया है जिस पर निगम का कोई अंकुश नहीं है। इससे कॉलेज की गरिमा न केवल खराब हो रही है वरन बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इन्हीं मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने करीब एक घंटे तक कामर्स कॉलेज में जमकर प्रदर्शन किया। कॉलेज के स्टाफ को न अंदर जाने दिया और न अंदर से बाहर आने दिया। कार्यालय प्रवेश द्वार पर ही छात्र नेता धरना देकर बैठकर जमकर नारेबाजी करने लगे।

## पैदल निगम पहुंच गए

कॉलेज में गुमटियों के अतिक्रमण को हटाने की मांग कर रहे पदाधिकारियों ने मोबाइल फोन पर निगम आयुक्त से मौके पर आने के लिए चर्चा की। निगम आयुक्त ने आने से मना कर दिया। उनके इनकार करने के बाद सारे प्रदर्शनकारी सभी छात्र नेता पैदल ही निगम कार्यालय पहुंच गए। यहां भी उन्होंने धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्र नेताओं का कहना था कि कॉलेज प्रबंधन की लापरवाही से पूरा खेल मैदान ही मयखाना बन गया है। पूरा परिसर शराब की बोतलो और गंदगी से भरा पड़ा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता अनुज पोरवाल, इशिका जोशी, मंथन मूसले सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दिन में प्रदर्शन, शाम को चल गई जेसीबी



**रतलाम.** दिन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने कामर्स कॉलेज के सामने और खेल मैदान से लगी जमीन पर अवैध रूप से गुमटियां लगाकर अतिक्रमण का मुद्दा उठाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। निगम परिसर में भी अभाविप कार्यकर्ता पहुंचे और जमकर विरोध जताया। दोपहर बाद निगम की जेसीबी और अमला कामर्स कॉलेज के मैदान से लगे डोंगरेनगर मुख्य मार्ग पर पहुंचा और अवैध रूप से लगाई गई गुमटियों को हटा दिया। अभाविप ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है।

पत्रिका

पत्रिका २१/१२/२१

## सुभाष नगर में अवैध मटन की दुकान सील

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सुभाष नगर क्षेत्र में अकबर द्वारा किए गए शौचालय निर्माण व उसका पाइप नाले में छोड़ने पर नगर निगम के अमले द्वारा तोड़ा गया। साथ ही क्षेत्र में ही अवैध रूप से संचालित जय मां भवानी मटन शाप से मटन को जब्त कर दुकान को सील किया गया। शौचालय तोड़ने व दुकान सील करने की कार्रवाई प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, दरोगा रवि चावरे, विजय मेहना, हिमाचल चावरे आदि द्वारा की गई। सिंघम - २०

सिंघम - २०/१२/२१

## सुभाष नगर में अवैध मटन की दुकान सील व खुला शौचालय तोड़ा



रतलाम। सुभाष नगर क्षेत्र में अकबर द्वारा किये गये शौचालय निर्माण व उसका पाईप नाले में छोड़े जाने पर नगर निगम के अमले द्वारा तोड़ा गया साथ ही क्षेत्र में ही अवैध रूप से संचालित जय माँ भवानी मटन शॉप से मटन को जब्त कर दुकान को सील किया गया। शौचालय तोड़ने व दुकान सील करने की कार्यवाही प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी.सिंह, दरोगा रवि चावरे, विजय मेहना, हिमाचल चावरे आदि के द्वारा की गई।

अग्निबाण २०/१२/२१

## अवैध मटन की दुकान सील व खुला शौचालय तोड़ा

रतलाम ● नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार सुभाष नगर क्षेत्र में किए गए शौचालय निर्माण व उसका पाईप नाले में छोड़े जाने पर नगर निगम के अमले द्वारा तोड़ा गया। साथ ही क्षेत्र में ही अवैध रूप से संचालित जय मां भवानी मटन शॉप से मटन को जब्त कर दुकान को सील किया गया। शौचालय तोड़ने व दुकान सील करने की कार्रवाई प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, दरोगा रवि चावरे, विजय मेहना, हिमाचल चावरे आदि के द्वारा की गई।

स्वदेश

स्वदेश/२०/१२/२१

# धोलावाड़ में लुत्फ उठा रहे हैं पर्यटक

## इको टूरिज्म पार्क में वैली क्रासिंग भी शुरु





रतलाम। रतलाम के समीप इको टूरिज्म पार्क धोलावाड़ की वादियों में इन सर्दियों लुत्फ उठाने रतलामी पर्यटक पहुंच रहे हैं। धोलावाड़ में बोटिंग के साथ ही अन्य गतिविधियों की व्यवस्था भी की गई है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर पहली बार धोलावाड़ में वैली क्रॉसिंग की व्यवस्था की गई है जिसका पर्यटकों द्वारा लुत्फ उठाया जा रहा है। इसके अलावा अन्य गतिविधियां भी की जा रही हैं। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण अरुण पाठक ने बताया कि धोलावाड़ इको टूरिज्म पार्क में वर्तमान में एक मोटर बोट उपलब्ध है। साथ ही एक वाटर स्कूटर भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा जोरबिंग बाल, बनाना राइड, तीरंदाजी, मंकी क्रॉल तथा साइकलिंग की गतिविधि भी संचालित की जा रही है। आने वाले दिनों में धोलावाड़ की पर्यटन गतिविधियों में और इजाफा होगा। बताया जा रहा है कि २५ दिसंबर से धोलावाड उत्सव की शुरुआत भी हो सकती है।

अभिभाषा।२०

अभिभाषण २०/१२/२१

# हाई टेक हुई निगम की जलप्रदाय व्यवस्था

## धोलावाड़, मोरवानी व पेयजल टंकियां हुई वायरलेस वॉकी-टॉकी से लैस

रतलाम। नगर निगम के मैदानी अधिकारी/कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को हाई टेक किये जाने के साथ पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु धोलावाड़, मोरवानी व पेयजल टंकियों के कर्मचारियों को वॉयरलैस वॉकी-टॉकी से लैस किया गया। निगम आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के मैदानी अधिकारी/कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व वार्ड दरोगाओं को हाई टेक किये जाने के साथ ही नागरिकों की सुविधा को दृस्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु धोलावाड़ नया व पुराना इंटकवेल, बूस्टर पम्प हाउस, मोरवानी, गंगासागर टंकी, गौशाला टंकी व ऋतुराज पम्प हाउस के कर्मचारियों को वॉयर लैस वॉकी टॉकी से लैस किया गया है जिससे पेयजल व्यवस्था में किसी भी प्रकार की परेशानी उत्पन्न होने पर तत्काल निराकरण कराया जा सकेगा। वायर लैस वॉकी-टॉकी वितरण के अवसर पर कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफशेख, उपयंत्री राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, निज सहायक सुभाश गोयल आदि उपस्थित थे।

अभिभाषा।२०

अभिभाषण २०/१२/२१

# नगरीय निकायों के कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रीक प्रणाली से दर्ज हो -कलेक्टर

## स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधी कार्यो की समीक्षा



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे कलेक्टर मंयक अग्रवाल की अध्यक्षता मे जिले की नगरीय निकायों की बैठक गतदिवस आयोजित की गई है। कलेक्टर ने निकायो के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से सर्वेक्षण से संबंधित तैयारियों के संबंध में चर्चा कर, किये गये कार्य एवं सुझाव मांगे।

जिले में प्रत्येक निकाय स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 मे सम्मिलित हो रहा है व इससे संबंधित तैयारियां की जा रही है। कलेक्टर ने निर्देश दिये गये,कि सर्वेक्षण में जिले को उच्च अंक प्राप्त हो,100 प्रतिशत कचरा संग्रहण किया जावे। डोर-टू-डोर गीला व सुखा कचरा पृथक-पृथक करने के लिए जनता को प्रेरित करे।

ओडीएफ+ एवं स्टॉर रेटिंग की तैयारियां मानकनुसार करे एवं सुझाव दिया,कि ,रेगपीकर( कचरा बीनने वाले, उन्हें प्रोत्साहित करे और योजना से जोडें,जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके।) सभी निकायों के कर्मचारियों की बायोमेट्रिक प्रणाली से उपस्थिति दर्ज हो,साथ ही लोकेशन बेस पर भी उपस्थिति दर्ज हो।उपस्थिति मशीन केमरे के सामने लगाई जावे,ताकि उसमे कोई छेडछाड नही कर सके।

कचरा गाडियो मे जीपीआरएस सिस्टम चालू करे व सफाई पर विशेष ध्यान देवे। प्रत्येक निकाय स्वच्छता संबधी शासन निर्देशानुसार गतिविधिया संचालित करे व जिले को सर्वेक्षण में प्रथम स्थान पर लाने का पूरा प्रयास करे। बैठक मे परियोजना अधिकारी पी.के. तोषनीवाल व जिले की सभी निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

अवन्तिका

अवन्तिका 21/12/21

## जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम। जिले में जनगणना 2021 के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे।

निष्पक्ष - 20/12/21

## जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम। रतलाम जिले में जनगणना 2021 के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एम.एल.आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम श्री सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ.विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे।

अग्निपथ 20/12/21

## जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम ● जिले में जनगणना के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एमएल आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे।

स्वदेश 21/12/21

## जिला जनगणना समन्वय समिति गठित

रतलाम। जिले में जनगणना 2021 के कार्यों गतिविधियों के विचारों एवं सफल संचालन तथा प्रशिक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन किया है। गठित समिति के अध्यक्ष कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम होंगे। इसके संयोजक जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर एमएल आर्य रहेंगे। समिति के सदस्यों में पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, आयुक्त एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नगर निगम सोमनाथ झारिया, जिले के सभी एसडीएम, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण, जिला जनसंपर्क अधिकारी रहेंगे। समिति में मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मण परवाल तथा प्राध्यापक डॉ. विनोद शर्मा भी सदस्य रूप में रहेंगे।

नवभारत 21/12/21

# त्रिवेणी मेले में विशेष टीम जांचेगी कोविड टीका, फिर मिलेगी इंट्री

रतलाम। आगामी दिनों आयोजित होने वाले त्रिवेणी मेला सुनियोजित ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार दोपहर मेला ग्राउंड पहुंच निरीक्षण किया।

नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली

- **मेला में भजन संध्या, कवि सम्मेलन,लोक नृत्य का आयोजन**
- **कलेक्टर ने आयोजन हेतु किया निरीक्षण**

व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। साथ ही यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। त्रिवेणी मेला में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ने उबड़-खाबड़ स्थलों के समतलीकरण के निर्देश दिए।



## पुलिस टीम की रहेगी विशेष निगाहे

सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, विद्युत व्यवस्था इत्यादि हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने एवं निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए।

### यह रहे साथ

एसपी गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगम कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख, सुरेश व्यास, जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह आदि उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत २१/१२/२१

# त्रिवेणी मेले के सुनियोजित ढंग से आयोजन हेतु कलेक्टर ने किया निरीक्षण

प्रसारण

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम



आगामी दिनों आयोजित होने वाले त्रिवेणी मेला सुनियोजित ढंग से आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को दोपहर में मेला ग्राउंड पहुंचकर निरीक्षण किया। नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत, निगम के कार्यपालन यंत्री हनीफ शेख, सुरेश व्यास, जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह आदि उपस्थित थे। कलेक्टर ने मेला ग्राउंड का निरीक्षण किया। साथ ही यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। बताया गया कि त्रिवेणी मेला में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा। कलेक्टर ने उबड़-खाबड़ स्थलों के समतलीकरण के निर्देश दिए। सुरक्षा की उचित व्यवस्था के साथ पेयजल, विद्युत व्यवस्था इत्यादि हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी ने मेला प्रांगण में असामाजिक तत्वों द्वारा कोई शरारत नहीं हो, इस हेतु सतत पेट्रोलिंग करने एवं निगाह रखने के निर्देश सीएसपी को दिए।

प्रसारण 21/12/21

# त्रिवेणी मेला : कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**रतलाम.** शहर में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले त्रिवेणी मेले को लेकर सोमवार को कलेक्टर ने मेला ग्राउंड में पहुंचकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां पर नगर निगम तथा अन्य विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया, आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के साथ पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने मेला ग्राउंड के साथ यज्ञशाला प्रांगण और कुंड का भी निरीक्षण किया। उन्होने निर्देश दिए कि त्रिवेणी मेले के दौरान कोरोना के दृष्टिगत वैक्सीन का ध्यान रखा जाएगा। सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा दोनों डोज लगाए गए हो, यह सुनिश्चित करना होगा। इसके लिए नगर निगम की विशेष टीम तैनात की जाएगी। बताया गया कि त्रिवेणी मेला में भजन संध्या होगी। इसके अलावा स्थानीय कवि सम्मेलन तथा लोक नृत्य का आयोजन भी होगा। पत्रिका

पत्रिका 21/12/21

# मांगें पूरी नहीं हुई तो ठप कर देंगे सफाई व्यवस्था

## नगर निगम में सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



मांगों को लेकर नगर निगम में प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी। ● नईदुनिया

**रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)।** नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति ने मांगों के निराकरण के लिए सोमवार को निगम कार्यालय भवन में प्रदर्शन किया। इस दौरान नारेबाजी कर सफाई कर्मचारियों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन आयुक्त को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि सीपीएफ नहीं कटने, विनियमितीकरण, नियमितिकरण सहित अन्य मांगों का निराकरण नहीं हो पाया है। इससे कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। कलेक्टर व निगम प्रशासक के साथ 28 अगस्त व निगमायुक्त के साथ 30 अक्टूबर को हुई बैठक में दिए गए आश्वासन के बाद भी निराकरण नहीं किया गया।

सफाई कर्मचारियों की मांगों का निराकरण दो दिन में नहीं किया गया तो आंदोलन कर सफाई बंद हड़ताल की जाएगी। आयुक्त ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान समिति पदाधिकारी रामकल्याणे, संजय पैमाल, विजय खरे, कमल शिंदे, कमल भाटी, यशवंत फतरोड़ आदि मौजूद रहे।

**6403 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन :** शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार तक 6403 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 21/12/21

निगम आयुक्त बोले चर्चा कर लेते

# दो दिन का समय : मांग मंजूर नहीं हुई तो शहर में सफाई बंद

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के सदस्यों ने नगर निगम में सोमवार को जोरदार प्रदर्शन करते हुए दो दिन में मांग मंजूर नहीं हुई तो शहर की सफाई को बंद करने की चेतावनी दे दी। निगम आयुक्त ने सात दिन में चर्चा करने का प्रस्ताव दिया, जवाब में कर्मचारियों ने कह दिया बातचीत काफी हो गई, अब हम कर्मचारियों पर खर्चा किया जाए। दो दिन में मांग मंजूर नहीं तो सभी 1100 कर्मचारी अपने झाडू निगम में जमा कर देंगे।

निगम मैदान में कर्मचारी नेता राम कल्याणे, संजय पैमाल, विजय खरे, कमल शिंदे, कमल भाटी, अमरसिंह के नेतृत्व में करीब 150 नेताओं की बैठक शुरू हुई। इसमे बताया गया कि एक कर्मचारी को निलंबीत करते है तो बाकी मौन रहते है। अब विरोध मिलकर करना शुरू करना होगा। 450 कर्मचारियों को विनियमित नहीं किया जा रहा, जबकि इंदौर की कंपनी को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने का टेंडर दिया जा रहा है। यही काम कर्मचारी भी कर सकता है, लेकिन मांग को टाला जा रहा है। इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

नगर निगम में जितने सफाई कर्मचारी संगठन है, सभी ने बैठक की है। इस नतीजे पर आए है कि 24 घंटे में मांग मंजूर नहीं की गई, तो सभी 1100 कर्मचारी अपने संसाधन निगम में जमा करके हड़ताल कर देंगे। - **राम कल्याणे,** अध्यक्ष, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति

पत्रिका 21/12/21

# अच्छी सफाई के लिए होटलों के बीच होगी प्रतियोगिता

**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारियों के तहत कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में संचालित होटलों के बीच स्वच्छता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने सोमवार के होटल संचालकों की बैठक लेकर स्वच्छता प्रतियोगिता की जानकारी दी। बैठक में एचएमएस इंदौर के शशांक पांडेय ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता में होटल में चार डस्टबिन रखने पर 30 नंबर, होटल से निकलने वाले गीले कचरे को होटल परिसर में ही प्रसंस्करण करने पर 40 नंबर, कोविड सुरक्षा अपनाने पर 40 नंबर, स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 से संबंधित वाल पेंटिंग करवाने पर 40 नंबर, होटल को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर 40 नंबर इस तरह कुल 17 मापदंडों के तहत 565 नंबरों की प्रतियोगिता होगी। निगम आयुक्त ने कहा कि वे संचालक अपने-अपने होटलों में कचरे के पृथक्कीकरण के लिए चार डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखें। आसपास के परिसर को साफ रख पालीथिन व डिस्पोजल का उपयोग ना करें। एसडीएम गेहलोत ने कहा कि स्वच्छता प्रतियोगिता के लिए आइईसी टीम होटल पहुंचकर स्वच्छता संबंधी जानकारी देगी। प्रतियोगिता में विजेता होटल को पुरस्कृत किया जाएगा। सीएसपी हेमंत चौहान, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित होटल संचालक अनिल बाफना समता सागर परिसर, राहुल जाट, लखन छप्री उजाला पैलेस, मकसूद सीता वाटिका, मुकेश पांचाल होटल बालाजी सेंट्रल उपस्थित रहे।

नईदुनिया

नईदुनिया 21/12/21

# अब गीला सूखा कचरा अलग देना होगा, होटल संचालकों के साथ की बैठक



रतलाम. स्वच्छता अभियान 2022 में देश में नंबर एक पर आने के लिए नगर निगम ने कमर कसी है। इसके लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने तरणताल स्थित कार्यालय में शहर के रेस्टॉरेंट व खानपान की होटल संचालकों के साथ बैठक कर कई निर्देश दिए है। बैठक के बाद आयुक्त झारिया ने बताया स्वच्छता अभियान 2022 अंतर्गत कई प्रकार के नवाचार किए जा रहे है। इसके अंतर्गत गीला व सूखा कचरे को संग्रहण वाहन में अलग-अलग करना प्रमुख है। इसके अलावा कर्मचारियों को हाथ में दास्ताने भी रखने होंगे। इसके लिए होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को बताया गया है कि वे इस प्रकार के कचरे को अलग-अलग रखें व कचरा संग्रहण वाहन आने पर उसको डालने का कार्य भी बताए गए नियम अनुसार ही करें। इतना ही नहीं, रेस्टोरेंट में भोजन बनाने वाले से लेकर परोसने वाले को अपने हाथ में दास्ताने पहनने होंगे। इसके अलावा सर पर बाल पूरी तरह से ढ़के रहे इसके लिए भी व्यवस्था करना होगी।

पत्रिका 21/12/21

कचरे पर खड़े होकर करते है संग्रहण

# न चेहरे पर मास्क, न हाथ में दस्ताने



रतलाम. सुबह करीब 8 बजे का समय। रेलवे स्टेशन रोड। एक ट्रैक्टर चल रहा। उस पर नगर निगम का कर्मचारी कचरे के ढ़ेर पर खड़े होकर एक - एक दुकान से आ रहे कचरे से भरे डस्टबिन में से कचरा लेकर डाल रहा हैं। कर्मचारी के न तो चेहरे पर मास्क है नहीं हाथ में गंदगी से बचने के लिए दास्ताने। सोमवार सुबह जब यह नजारा था, तब तापमान करीब 12 डिग्री था।

शहर में करीब 65 कचरा संग्रहण वाहन में नगर निगम के कर्मचारी डोर टू डोर कचरा संग्रहण करते हैं। इन कर्मचारियों को गीला व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करना होता है। कई बार शहर के विभिन्न मोहल्लों में से डलने वाला कचरा गीला व सूखा कचरा में भेद नहीं समझते है व जहां सूखा कचरा डालना होता वहां गीला कचरा डाल देते है। ऐसे में निगम के कर्मचारी ही अपने हाथ से बगैर किसी प्रकार के दास्ताने के गंदगी से भरे कचरे को कचरा वाहन से उठाकर अलग करते है। इसके बाद भी अब तक इन कर्मचारियों को जरूरी संसाधन देने में कंजूसी निगम कर रहा है।

ऐसा नहीं है कि संसाधन देने में ही कंजूसी हो रही हो। अगर कर्मचारी अपनी बीमार मां को दिखाने अस्पताल ले जाए व काम पर आने में 10 मिनट की देरी हो तो वेतन काट दिया जाता है। इतना ही नहीं, कई बार स्वयं बीमार हो व आधा दिन अवकाश मनाए तो भी पूरे दिन का वेतन काट दिया जाता है। शहर में नगर निगम स्वच्छता अभियान 2022 में नंबर एक पर आने के लिए कवायद तो कर रही है, लेकिन अपने ही कर्मचारियों को बगैर संसाधन दिए।

पत्रिका

न संसाधन दिए जाते है नहीं कोई सुविधा मिलती है। इसलिए ही हमारी तो आमजन से भी अपील है कि वे निगम के अधिकारियों को सोशल मीडिया पर संदेश दे कि निगम कर्मचारियों को बेहतर संसाधन दिए जाए। - **विजय खरे**, कर्मचारी नेता, नगर निगम

ऐसा नहीं है कि निगम के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को किसी प्रकार के संसाधन दिए ही नहीं गए। कुछ शेष रह गए है या बाकी है तो सभी को इसका वितरण किया जाएगा। - **सोमनाथ झारिया**, निगम आयुक्त

पत्रिका 21/12/21